दैनिक जागरण



# डीपीएस के बच्चों ने की वृद्धों की सेवा



वृद्धा आश्रम में शीत वस्त्र प्रदान करते स्कूली बच्चे

**जासं, आसनसोल :** सिम्फनी फाउंडेशन संचालित दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल द्वारा बच्चों में पढ़ाई के साथ नैतिक शिक्षा एवं समाज कल्याण की भावना बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन स्कूल के बच्चों को लेकर वृद्धाश्रम, अनाथालय, निश्शक्त बच्चों के सहायता केन्द्र में ले जा रहा है।

- **बच्चों में नैतिक शिक्षा व समाज कल्याण की भावना बढ़ाने के लिए विशेष अभियान**

स्कूल के निदेशक प्रतीक गोयनका ने बताया कि सिम्फनी फाउंडेशन बीते नौ वर्षों से गुजरात में समाजसेवा का कार्य कर रही है। यहां संस्था का पहला वर्ष है। संस्था का उद्देश्य बच्चों को किताबी पढ़ाई के साथ ही भारतीय संस्कृति, नैतिक शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण का पाठ पढ़ाना है। बीते सप्ताह स्कूल के बच्चों को निश्शक्त बच्चों के सहायता केंद्र आनंदम ले जाया गया था।यहां पौधरोपण भी किया गया था। गुरुवार को बच्चों को बर्नपुर के ढाकेश्वरी स्थित प्रांतिक वृद्धाश्रम ले जाया गया। यहां रहनेवाले वृद्धों को भोजन भी कराया गया। उन्हें कंबल प्रदान किया गया। अगले सप्ताह उन्हें अनाथालय ले जाया जाएगा। जहां बच्चों के बीच मिठाइयां बांटी जाएगी। इस अवसर पर स्कूल की उप प्रधानाध्यापिका विदिशा चटर्जी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।